font>

Title: Need to formulate special plan for providing relief to the people affected by drought in Malwa region of Madhya Pradesh.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : महोदय, मध्य प्रदेश का पश्चिमांचल जो मालवा के नाम से जाना जाता है, के उज्जैन और इन्दौर सम्भाग में पिछले तीन वर्षों से लगातार सूखा पड़ने और इस क्षेत्र में वाटर लैवल अत्यधिक नीचे चले जाने के कारण अधिकांश ट्यूबवैल में पानी आना बन्द हो गया है। सूखे की स्थिति के कारण किसान परेशान हैं। पशुओं को व लोगों को पीने का पानी मिलने में भारी कठिनाइयां हो रही हैं। मैं सरकार से मांग करता हूं कि इस क्षेत्र के लिए विशोकार्य योजना बनाई जाए और राहत पहुंचाने हेतु कार्यवाही की जाए। किसान के कर्जे का ब्याज माफ किया जाए और राहत कार्य चलाए जायें तथा पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था करवाई जाए।